[श्री बाबू राव परांजपे]

कच्चे माल का अभाव होने के कारण आज उत्पादन की गति अत्यंत दयनीय है ।

अत: केन्द्रीय मंत्री जी से अनुरोध है कि कर्नाटक शासन के प्रभुत्व से उद्योग मुक्त कराकर स्वयं केन्द्र शासन इसको ढीक ढंग से संचालित करे ताकि यह उद्योग बन्द होने से बच जाए ।

(x) Financial Assistance to Tamilnadu to rehabilitate flood-affected people.

SHRI S.T.K. JAKKAYAN (Periyakulam) : The unseasonal torrential rain throughout Tamil Nadu from February 5th to 15th has left a trail of destruction. 110 people have lost their lives; 16,300 heads of cattle are dead. 43 lakhs of people in 5893 villages are affected. The crops on 2.2 lakh acres have been uprooted. 3 27 lakh huts have been destroyed. 3183 irrigation works, 611 bridges, 1,110 school and hospital buildings have been damaged. 7000 kms. of roads are under repair. 319 kms. of roads have been completely destroyed. The districts of Tiruchirpalli, South Arcot, Pudukottai, Ramanathapuram, Tirunelveli North Arcot and Chengleput are reeling under the flood havoc. This has been preceded by heavy rains for three days in December and the vast areas of the State are submerged in water. The Central Government has so far given Rs. 15 crores as flood relief assistance. But the State Government has spent Rs. 37 54 crores. After sending detailed reports about the floods, the State Government has asked for a sum of Rs. 128 crores. It is requested that the Centre may sanction immediately flood relief assistance to the tune of Rs. 128 crores and rehabilitate the flood-affected people of Tamilnadu.

———

12.43 hrs.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS – Contd.

MR. DEPUTY SPEAKER : The House shall now take up further consideration of the following motion moved by Shri B.R. Bhagat and seconded by Shri Xavier Arakal on the 27th February, 1984, namely :—

"That an Address be presented to the President in the following terms :—

'That the Members of Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which be has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the 23rd February, 1984."

Shri Kamal Nath Jha to continue. He has already taken 15 minutes. Today, there is no lunch hour.

श्री कमल नाथ झा (महरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कल यह निवेदन कर रहा था कि हमारी सरकार या हमारे राष्ट्र का मूल्यांकन सिर्फ उसकी शक्ति या सम्पत्ति से करना बड़ी भारी भूल होगी हमारे देश भारतवर्ष की एक बड़ी ही प्राचीन संस्कृति है । वह संस्कृति अभी भी जीवित है और मानव जाति को आज भी उसकी आवश्यकता है ।

आज विश्व की जो परिस्थिति है, हिन्दुस्तान की जो स्थिति है और हिन्दुस्तान के इर्द-गिर्द जो स्थिति है, उसे हमारे राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में इंगित किया है कि क्या खतरनाक स्थिति संसार की और खासकर भारत की है । हमारे पड़ौस में पाकिस्तान, श्री लंका, ईरान, ईराक लेबनान

की परिस्थिति से हम सब अवगत हैं। आज भारतवर्ष में जो प्रवृत्तियां उभर कर आ रही हैं, उनके मूल में जो हिंसा की भावनाएं हैं, वह सम्पूर्ण विश्व को लील और निगल जाना चाहती है। इसी अहिंसा की भावना ने भारत की संस्कृति से लड़ने के लिए मानव जाति को असंतोष प्रदान किया है।

भगवान बुद्ध, महावीर, तीर्थंकर, हमारे सैकड़ों सन्तो, सम्राट अशोक, सम्राट अकबर, मोहन दास कर्मचन्द गांधी, इंडियन नेशनल कांग्रेस और हमारे संविधान ने उसी संस्कृति को सम्पोषित किया है, समवर्द्धित और संशोधित किया है।

अहिंसा परमोधर्मः यतो धर्मस्ततो जय।

इस चीज को आज हम गौरव के साथ कहते हैं। आज मानव जाति अपनी रक्षा हिंसा से नहीं कर सकती है, अहिंसा से कर सकती है। हिन्दुस्तान में जिस अहिंसा का दामन पकड़कर महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमने आजादी हासिल की और संविधान द्वारा गणतंत्र की स्थापना की, वह गणतंत्र सशक्त है। जनता ने इसे समझा है। जनता ने कांग्रेस पार्टी को दिल्ली के सिंहासन से उठ कर सडक पर फेंक दिया और जब दूसरी पार्टी की सरकार जनता के मानस पर सही नहीं उतरी तो उसको भी सिंहासन से उठाकर दिल्ली की सड़कों पर फेंक दिया ऐसे देश में जहां परिवर्तन के लिए संविधान का मार्ग प्रशस्त है, वहां किसी भी अल्पमत, बहुमत, किसी भी पोलिटिकल पार्टी या दल को या गिरोह को हिंसा की बात करना सरासर अनुचित, संविधान-विरोधी और जन-विरोधी है। आज मुझे दुःख के साथ इस सदन में कहना पड़ता है कि इस देश में कुछ लोग अपनी धार्मिक या तथाकथित राजनीतिक मांग के लिए आज से ही नहीं, बल्कि दो-चार साल से हिंसक कार्यवाहियों और खूनखराबे का एक वातावरण तैयार कर रहे हैं और देश के एक हिस्से में अराजकता की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उनकी इस स्थिति को दूसरे लोग, जो अपने को समझते है कि हम भी डैमोक्रेसी अहिंसा और कांस्टीटुशनलिज्म के अलम्बरदार है, वह इसे चुपचाप देखते है। वह कहते हैं मैं उसका साथ नहीं देता हूं लेकिन गुनाहवश चुपचाप—

बुझा रहे ज्वाला सहंसो से
कर से आच लगाकर

आज अगर हिन्दुस्तान की तमाम राजनीतिक पार्टियां, दल, जो कुछ पंजाब में हो रहा है और दूसरे इलाकों में हुआ है, उनको अन-क्वालीफाईड वर्डों मे, ताकत और मजबूती के साथ कडम करे तो मै समझता हूं कि तुरन्त ये बातें काबू मे आ सकती है। यह कांग्रेस पार्टी का सवाल नही है। यह श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार का सवाल नही है। सवाल भारतवर्ष की जनता का है हिन्दुस्तान की सार्वभौमिकता का है। राष्ट्रपति जी ने सही कहा है कि हमारे राजनैतिक मतभेद जो भी हों, हम लोगों को एक साथ मिल कर, कदम से कदम मिलाकर इन खतरों से जूझना चाहिए। कल मेरे साथी कह रहे थे कि हमारी यह परम्परा रही है कि देश पर जब भी कोई खतरा आया है, तो हमने एक-साथ मिल कर उसका मुकाबला किया है।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : सिर्फ खतरे के समय ही नहीं, हमेशा एक-साथ मिलकर रहना चाहिए।

श्री कमल नाथ झा : राष्ट्र के निर्माण के संबंध में आपस में मतभेद हो सकते हैं।

दूसरा खतरा है साम्प्रदायिकता का। हिन्दुस्तान में हमने सेकुलरिज्म को स्वीकार किया है। सारी दुनिया में हमारा ही देश है, जहां रंग, जाति या जन्म का कोई भेद नहीं है। हमने इस सिद्धांत को संविधान में स्वीकार किया है। यह ठीक है कि हमारे यहां हजारों बरसों से जाति-प्रथा है और इसके कुपरिणाम हमारा समाज भोग रहा है। जो दबे, कुचले, नीचे के लोग है, आज भी उनके साथ अन्याय होता है। इस सप्ताह मे दोनों पक्ष के वे लोग, जिन्हे ऐसे लोगो के प्रति हमदर्दी तथा सहानुभूति है, इस बारे मे कुछ करने के लिए कटिबद्ध है। लेकिन सोशल चेंज, सामाजिक परिवर्तन में समय लगता है। पिछले 35 सालो मे हिन्दुस्तान ने इस दिशा मे काफी प्रगति की है, मगर आगे भी बहुत कुछ करना बाकी है।

आज हिन्दुस्तान में सब से अहम सवाल है गरीबी मिटाने का सवाल। बगैर गरीबी मिटाए हुए, बगैर नीचे के तबके के लोगों को ऊंचा उठाए हुए, हम सामाजिक बराबरी पैदा नही कर सकते। ये प्रश्न इंटर-वोवन है, एक दूसरे से गुथे हुए है। इस लिए हमारा काम कठिन है। मैं अपने कम्युनिस्ट दोस्तों को बताना चाहता हूं कि हमारा डेमाक्रेटिक और पार्लियामेंटरी प्रासेस है, उसमें हमरी स्पीड, गति धीमी होगी। हमारे यहां एक डिक्टेटोरियल फार्म आफ गवर्नमेंट नही है। हम बैंकों का नेशनलाइजेशन करते है, देशी रजवाड़ो के प्रिवी पर्स खत्म करते है या जमींदारी एबालिशन करते है, तो उसे सुप्रीम कोर्ट मे चेलेंज किया जाता है। यानी गरीबी को मिटाने के लिए हम जो भी पहल करते है, उसमें हमारे सामने कानूनी व्यवधान होता है। इस लिए हमारी गति स्लो होगी। लेकिन हमने देखना है कि क्या स्लोली एंड स्टेडिली हम हम एक इगैलिटरियन समाज की तरफ बढ़ है या नहीं, हम देश को आगे ले जा रहे हैं या नहीं।

जो लोग इस प्रगति से घबराते है, जो इसमें बाधा डालना चाहते है, वे आज देश में अशांति पैदा करना चाहते है साम्प्रदायिकता पैदा करना चाहते है, देश को कमजोर करना चाहते है, देश में हिंसा फैलाना चाहते है, जिससे हमारा शांतिपूर्ण प्रगति का मार्ग अवरुद्ध हो जाए। इससे देश का नुकसान होगा, गरीब तबके का नुकसान होगा, देश कमजोर होगा। इस लिए हम अपील करते है कि सभी राजनैतिक दल राष्ट्रीय मुद्दों पर एकमत हो कर देश को कमजोर करने वाली शक्तियों का डट कर मुकाबला करें।

इन शब्दों के साथ मैं धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आज न सिर्फ शुक्रिया के प्रस्ताव में खड़ा हुआ हूं बल्कि मैं समझता हूं कि आज जो मुल्क की हालत है उस हालत में सदर साहब से मेरी यह दरख्वास्त होनी चाहिए कि वह इस सरकार को फौरन बरख्वास्त कर दें। कांग्रेस के 1980 के एलेक्शन मैनिफेस्टो से देखिए, फिर 1980 के खुतबे-सदारत को देखिए, 1981 के सदारत के खुतबे को देखिए, 1982 और 83 के देखिए और फिर 1984 के सदर साहब के खुतबे को देखिए। उस में बहुत ज्यादा फर्क महसूस नहीं होता। सन् 1980 के सदर साहब के खुतबे में इस सरकार ने वादा

किया था कि वह इस मुल्क से बेरोजगारी को दूर कर देगी, इस मुल्क से गुरबत को दूर कर देगी, कम्यूनल रायट्स को दूर कर देगी, बढ़ती हुई कीमतों को न सिर्फ आगे बढ़ने नहीं देगी बल्कि उस लेवेल पर लाएगी जो 1971-72 में थी। उस ने वादा किया था कि कानून की हालत और कानून की व्यवस्था को इस मुल्क में दुरुस्त कर देगी। लेकिन मैं समझता हूं कि इन में कोई भी बात पूरी नही हुई और आज जब 1984 का खुतबे-मदारत पढ़ा जाता है तो यह महसूस होता है कि आज उन सारी चीजो पर से जिन पर जोर दिया गया था, वह जोर हटा कर के मैं नहीं जानता क्यों और किस वजह से अन्दरूनी और ताहरूनी खतरात की तरफ पूरी शिद्दत के साथ जोर लगाया जा रहा है। लोगों को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि मुल्क अदरूनी और बाहरूनी खतरात से घिरा हुआ है। मुल्क टूट रहा है, मुल्क बरबाद हो रहा है, मुल्क खत्म हो रहा है, लिहाजा इस मुल्क को बचा सकती है तो सिर्फ कांग्रेस सरकार और हमारी प्राइम मिनिस्टर साहबा। मैं पूछना चाहता हूं कि इन तमाम खतरात के लिए जिम्मेदार कौन है ? मुझे एक शेर याद आता है :

महसूस यह होता है
यह दौरे तबाही है
शीशे की अदालत में
पत्थर की गवाही है
दुनिया में कहीं इस की
तनशीर नहीं मिलती
कातिल ही मुहाफिज है
कातिल ही सिपाही है ।।

मैं पूछना चाहता हूं आप के जरिए कि आज पंजाब में हो रहा है उस की जिम्मेदारी किस पर है ? जो आसाम में हुआ उस की जिम्मेदारी किस पर है ? पजाब पर मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा क्योंकि उस पर आज डिस्कशन होने वाला है। आज कश्मीर के अंदर आप ने जो सिचुएशन पैदा कर दी है उस की जिम्मेदार कौन है ? कौन नहीं जानता कि भिंडरावाले का ताल्लुक किस से रहा है ? सन् 80 के एलेक्शन में ये किस के एजेंट थे ? कौन नहीं जानता कि प्रोफेसर शेर सिंह जो हिन्दु समिति के अध्यक्ष है हरयाना में वह किस पार्टी से ताल्लुक रखते है ? अगर भिण्डरावाले ने सन् 80 में हम लोगो की मदद की होती और वह इस तोड़ फोड़ के जिम्मेदार होते तो हम अपनी जिम्मेदारी मान लेते। अगर प्रोफेसर शेर सिंह हमारी पार्टी के मेम्बर होते और वह तोड़ फोड के जिम्मेदार होते तो हम अपनी जिम्मेदारी मान लेते। लेकिन बदकिस्मती से या खुशकिस्मती से, मुल्क की बदकिस्मती स और हमारी खुशकिस्मती से न भिण्डरावाले का हमारी जमात से कोई ताल्लुक रहा है न वह हमारे किसी एलेक्शन के कैंडीडेट के एजेंट रहे है और न प्रोफेसर शेर सिंह हमारी पार्टी से कोई ताल्लुक रखते है। फिर यह किस की जिम्मेदारी है ...(**व्यवधान**)...

हमारे साथ कभी नही थे, आपके साथ थे

आज कश्मीर में क्या हो रहा है ? कश्मीर के अन्दर कौन गड़बड करना चाहता है ? एक तरफ फारूख अब्दुल्ला है जिसकी एक तारीख है, जिस के बाप की एक तारीख है कि जिस ने हिन्दुस्तान के साथ इलहाक के लिए मुसलसल कुर्बानियां दी है, जिस ने हिन्दुस्तान के साथ इलहाक के लिए मुश्तकिल जेलें काटी है। एक तरफ वह फारूख अब्दुल्ला है जो दिन में और रात में, **अंधेरे**

[श्री रशीद मसूद]

में और उजाले में सामने और पोशीदा तौर पर यह कहता है कि हिन्दुस्तान के साथ काश्मीर का इलहाक फाइनल है, इस के ऊपर कोई बात नहीं हो सकती। हिन्दुस्तान का अटूट हिस्सा है काश्मीर और दूसरी तरफ मौलवी इफ्तखारुद्दीन साहब है जो इत्तफाक से असेम्बली मे आप के सदर है, क्या आप को याद नही है सन 68 मे लाल चौक पर तकरीर करते हुए इफ्तखारुद्दीन साहब ने यह बात कही थी कि प० जवाहर लाल नेहरू के वायदे के मुताबिक हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर का इल्हाक फाइनल नही है। मैं नही समझता कि वह आदमी जो दिन-रात यह बात कह रहा हो कि हिन्दुस्तान के साथ काश्मीर का इल्हाक फाईनल है, वह आदमी जो दिन रात यह बात कह रहा हो कि काश्मीर हिन्दुस्तान का एक अटूट हिस्सा है वह गद्दार है ? वह बागी है, वह सेशेशनिस्ट है और वह आदमी जो हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर का इल्हाक मानता न हो, वह आदमी जो मुल्क के पहले बजीरे आजम के वायदो की याद दिलाकर यह दिलाने की कोशिश करता हो कि हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर का इल्हाक फाइनल नही है, कश्मीर हिन्दुस्तान का हिस्सा नही है, वह आज देशभक्त है ? क्या आपके यहा देशभक्ती का पैमाना यह है कि जो कांग्रेस पार्टी मे रहकर इस मुल्क के टुकड़े-टुकड़े करने की कोशिश करेगा वह देशभक्त होगा ? और जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रहकर इस मुल्क को जोड़ने की बात करेगा, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रहकर इस मुल्क के इत्तहाद की बात करेगा, वह गद्दार होगा ? आपकी यहा वह पालिसी है जिसने आज तक हिन्दुस्तान मे हिन्दुस्तानी को पैदा नही होने दिया। आज आपको इस देश में हिन्दु मिल जाएगा, मुसलमान मिल जाएगा, सिख मिल जाएगा, ईसाई मिल जाएगा, बौध मिल जाएगा दूसरे लोग मिल जायेंगे लेकिन क्या कहीं पर हिन्दुस्तान भी मिलता है ? नहीं मिलता है। इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं ? इसके जिम्मेदार आप है। आपने यह कोशिश की होती कि हमें हिन्दुस्तान मे एक नेशन बनानी है, इस मुल्क में हिन्दुस्तानियों को पैदा करना है और यहां पर अगर दर्द शुमाल में होता हो तो वह जुनूब में महसूस किया जाय, अगर मशरिक में दर्द हो तो मशरिब में महसूस किया जाए, अगर हिन्दु के दर्द होता हो तो मुसलमान को भी वह दर्द महसूस हो, एक हरिजन का दर्द ब्राह्मण को महसूस हो और किसी राजपूत का दर्द जाट को महसूस हो। किसानों का दर्द इंडस्ट्रिलिस्ट को महसूस हो। अगर इस बात की कोशिश आपने की होती तो आज हिन्दुस्तान का नक्शा ही मुख्तलिफ होता। लेकिन आपने ऐसा नही किया। 1952 में जब इस पार्लमेंट का पहला एलेक्शन हुआ उस वक्त एक सुनहरी मौका था, हिन्दुस्तान की आजादी ताजी-ताजी थी, उस वक्त हर हिन्दुस्तानी के दिल में हिन्दुस्तान के लिए मोहब्बत थी, उस वक्त हर देशवासी अपने को हिन्दुस्तानी समझता था और उस वक्त हर हिन्दुस्तानी इस बात की कोशिश करता कि वह कुर्बानी दे करके इस मुल्क की तामीर करे, इस मुल्क को एक बनाए और इस मुल्क से मोहब्बत करे। काश, उस वक्त आपने अकल से काम लिया होता। काश, उस वक्त आपको अपनी कुर्सी की नही देश की फिक्र होती। उस वक्त आपने एक मुसलमान को एक ऐसी जगह से खड़ा किया होता जहां कोई मुसलमान नहीं होता। वह मुसलमान मुकम्मिल तौर पर हिन्दुओं के वोटो पर जीतकर यहां आता और हिन्दुओं

के दुःख दर्द की बात इस पार्लमेंट में रखता एक हिन्दु को आप उस जगह से खडा करते जहा मुसलमानों की तादाद ज्यादा होती तो वह हिन्दु इस पार्लमेट मे आकर मुसलमानो के दुःख दर्द की बात रखता और बताता कि मुसलमानो को क्या-क्या तकलीफे है। इसी तरह से जहा पर हरिजनो की तादाद सबसे कम होती वहा से आप हरिजन को खडा करते और वह हरिजन यहा पर ब्रह्मणो को रेप्रेजेन्ट करता और जहा पर हरिजनो की तादाद ज्यादा थी वहा से आप ब्रह्मण को खडा करते या राजपूत को खडा करते। तब इस देश के हरिजन, राजपूत, ब्राह्मण और मुसलमान जानते यह हिन्दुस्तान क्या है। जो ब्राह्मण हरिजनो के वोटो पर जीतकर इस पार्लमेट मे आता वह आकर बताता कि हरिजनो को क्या तकलीफे है। लेकिन आपको तो अपनी कुर्सी चाहिए थी आपको मेम्बर्स नही चाहिए थे। आपको तो एसे लोग चाहिए थे जो आपके कहने पर हाथ उठात आपको ऐसे लोग चाहिए थे जो आपके नाम पर जिन्दा रहते। उनको इस बात का अहसास रहता कि वे आपके नाम पर जीतकर आ रहे है, वे कोई पापुलर काम करके, अच्छा काम करके, मुल्क मे इत्तहाद कायम करने के लिए काम करके और हिन्दुस्तान मे एक कौम पैदा करने का काम करके इस एवान मे नही आ रहे है बल्कि आपके नाम पर ही जीत कर आ रहे है। इसलिए आपको जरूरत इस बात की ही थी कि ऐसे लोग आये जोकि आपके नाम पर हाथ उठाये, आपके कहने पर वोट दे, आपके कहने पर चले और आप उनको भेड-बकरियो की तरह जैसे भी चाहे हाक दे। आपने इस मुल्क के हिन्दुस्तानी को हिन्दुस्तानी बनने ही नही दिया। और आज आप अपोजीशन पर इल्जाम लगाकर बैठ जायेगे। यह कह देना बडा आसान है कि आज कश्मीर मे क्या हो रहा है। वहा पर एक एलेक्टेड गवर्नमेट आई है लेकिन आप वहा पर हंगामा करा रहे है ताकि उस सरकार को डिसमिस कर दिया जाए क्योकि इत्तफाक से डा० फारूख अब्दुल्ला साहब काग्रेस (आई) से नही है और काग्रेस आई की बात सुनने के लिए वे तैयार नही है। आप नही चाहते है कि मौलाना अब्दुल कलाम आजाद जैसा कोई नेता मुसलमानो को रेप्रेजेन्ट करने वाला पैदा हो। क्या इसकी जिम्मेदारी भी अपोजीशन पर है ? दोस्तो मैं आपके जरिए अर्ज करना चाहता हू कि अभी भी वक्त है, देर आए दुरुस्त आए, आप हिन्दुस्तान के तामीर की बात करो। लेकिन अफसोस होता है, जब हरिजन यहा से पिटता है, आपकी पुलिस के जरिए पिटता है, आफिसर्स के जरिए पिटता है, तो उधर के लोग आफिसर्स को सपोर्ट करते है। काग्रेस का हरिजन यदि पिटता है और हम लोग यहा से आवाज उठाते है कि वह क्यो पिट रहा है, तो कोई असर नही होता है। आपको अपनी कुर्सी प्यारी है। आप समझते है कि अगर कही हमने आफिसर को सजा दे दी तो वह आफिसर हमसे कही नाराज न हो जाए और एक वजह यह कि आप को नजायज फायदे उठाने है उस आफिसर से। आपको दर्द क्यो नही होता है जो हिन्दुस्तान की एवाम का मैम्बर है, जो पार्लियामेट का मैम्बर है, क्या वे सब एक नही है। पार्लियामेंट के मैम्बर के दुःख दर्द को आप क्यो नही समझते है। इस पार्लियामेंट के अन्दर 542 के करीब सदस्य है और जब हिन्दुस्तान की इस पार्लियामेट के अन्दर इस तरफ बैठे हुए लोग या इस तरफ बैठे हुए लोगो के दुःख दर्द को उस तरफ बैठे हुए लोग नही समझ सकते है, तो मे पूछना

[श्री रशीद मसूद]

चाहता हूं कि हिन्दुस्तान कहां है, जिसका ख्वाब महात्मा गांधी ने देखा था। हिन्दुस्तान को बनने नहीं दिया, यह आसानी से कह दिया जाता है कि अपोजीशन वाले लोग इसको टुकडे में बदल रहे है। मैंने यह बात पहले भी कही थी और आज भी कह रहा हूं, आप बताइये ऐसा कौन सा मौका आया है, जहां अपोजीशन वालो ने एक हो कर सोल्यूशन तैयार करने की कोशिश नही की है। लेकिन हर मीटिंग के बाद कह दिया जाता है कि अपोजीशन वाले इस काम को नही करने देना चाहते है।

मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहब, गुरबत को हटाने का नारा सन् 1980 में इस सरकार द्वारा दिया गया था। इसी सरकार के 1980, जुलाई के एक प्रश्न के जवाब के मुताबिक सन् 1980 मे हमने जब यह सरकार आपको दी थी, उस वक्त इस मुल्क के अन्दर गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या 48.13 परसेंट थी। अब 28 जुलाई, 1982 को एक पूछे गए प्रश्न के जवाब मे इनके अनुसार बिला पावर्टी लाइन लोगो की सख्या बढ कर 56.56 परसेंट हो गई है। इस प्रकार दो साल के अन्दर दस प्रतिशत लोगो को गरीबी की रेखा से नीचे ढकेल दिया है। यह आपकी कौन सी इकानामी है, कौन सा तरीका है, मुल्क की बेरोजगारी को दूर करने का। अब यह संख्या बढ़ कर 66-67 परसेंट हो गई है। यह अफसोस का मुकाम है, जिस मुल्क को सन् 1980 मे यह कह कर के, कि लॉ एड आर्डर की प्राब्लम को दूर करेंगे, महगाई को दूर करेंगे भूखे-नंगे लोगों को रोटी-कपडा और मकान देंगे बिलो पावर्टी लाइन से लोगो को ऊपर उठायेंगे, इस मुल्क को अपने हाथ में लिया है। इस वक्त भी मुल्क की दो-तिहाई आबादी गरीबी की रेखा से नीचे अपना जीवन व्यतीत कर रही है। आपके चमचमाते बडे-बडे शहर, दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास और बम्बई, जहां रोशनियो से आदमियों की आंखे चुंधिया जाती है, उन शहरो के अन्दर भी 33 प्रतिशत, 48 प्रतिशत और 28 प्रतिशत लोग सलम्स में रह रहे है। जहां पीने को पानी नही है। जहां रहने के लिए मकान नहीं है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपको इसका इल्म नही है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप ने कितनी चीजो को अब तक हटाया है? आपके जमाने मे हर शहर में सलम्स बढ़ रहे है। आपके जमाने मे झुग्गी-झोपड़ी मे रहने वालो की सख्या बढ रही है। चार साल पहले जिनको खाने को भरपेट मिल रहा था, आपके जमाने मे शायद दो तिहाई आदमियो को भी भरपेट खाने को नही मिल रहा है। फिर भी इन सब के लिए जिम्मेदार अपोजीशन है। अपोजीशन बजट बनाती है, अपोजीशन उसको इम्पलीमेंट करती है। ला-एंड-आर्डर की जिम्मेदारी अपोजीशन की है— यह सारा काम आपका है। अगर आप यह समझते है कि इन सब के लिए जिम्मेदारी अपोजीशन है, तो सरकार किस लिए है। यह बात मेरी समझ में नही आती है। लेकिन एक रसम चल रही है। आपको कोई न कोई बात कई मर्तबा कहनी है, जिससे वह सच महसूस होने लगे। आप सन् 1980 से लेकर 1984 तक कांफ्रेंसेज कर रहे है। बाहर के लोगो को बुला रहे है। बाहर के लोगो को बुला-बुलाकर दावते दे रहे है। दुनिया का लीडर बनने का ख्वाब देख रहे है। दुनिया को लीडरशिप प्रोवाइड करने की बात कर रहे है, चाहे अपने

यहां लोग मरते रहें। इन नौटंकियों के ऊपर 2400 करोड़ रुपया खर्च किया जा रहा है। ऐसे मुल्क जहां 1 लाख 30 हजार 761 गाव ऐसे है जहां आज तक पीने का पानी मुयस्सर नहीं है, उस मुल्क में 2400 करोड़ रुपये नौटंकी पर खर्च किए जा रहे है और बड़े खुश हो रहे हैं कि हम दुनिया के लीडर बन गए है, दुनिया को दिखला दिया है कि हम एक तरक्कीयाफ्ता मुल्क है यह कौन सी तरक्की है ? डिप्टी स्पीकर साहब, जहां हमारी बहनें और बेटियां पेट भरने के लिए अपनी इज्जत बेचती है वहां 48 करोड़ रुपया 48 घटे में गोवा में खच कर दिया। लोगो को पान का पानी नही मिलता, लेकिन हम उन को शराब पिलाते है। इस मुल्क का अवाम आज यह कहते हुए नजर आता है—

"गुल फेके है औरों की
तरफ बल्कि समर भी
ऐ खानाबर अन्दाजे चमन
कुछ तो इधर भी।"

हिन्दुस्तान की गुरबत किस को नजर आती है, उस को कौन देखना चाहता है ? जो देखना चाहते है वे अपोजीशन में बैठे है। सारी बातों की जिम्मेदारी अपोजीशन पर है। मैं पूछना चाहता हूं - अगर यह सारी जिम्मेंदारी हमारी है तो बराये-मेहरबानी सरकार को छोड़िये, हम अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश करेंगे।

मैंने अभी कहा था कि गुरबत की लाइन 48.1 परसेंट से 66 परसेंट पर आ गई है। आज अन-एम्पलाएड का क्या हाल है ? जब हम ने सरकार छोड़ी थी, उस वक्त 1 लाख 26 हजार लोग एजुकेटेड अनएम्पलाएड रजिस्टर्ड थे, लेकिन 20 जुलाई के जवाब के मुताबिक आज 2 करोड़ 10 लाख आदमी एजूकेटेड अनएम्पलाएड रजिस्टर्ड हैं। आप यह न समझियेगा कि यह कुल हिन्दुस्तान के बेरोजगारो की तादाद है, हिन्दुस्तान के कुल बेरोजगारों की तादाद है, हिन्दुस्तान के कुल बेरोजगारों की तादाद तो इस से कहीं ज्यादा है और मेरा अंदाजा है शायद 10-12 करोड ऐसे लोग होंगे जिन के पास कोई रोजगार नहीं है। यह तादाद तो रजिस्टर्ड लोगों की थी। जो लोग देहातों में रहते है, हमारे मजदूर भाई और दूसरे लोग वहां रजिस्टर कराते है। दिल्ली जैसे शहर मे भी हजारों बेरोजगार लोग हमारे पास आते है और उन से पूछते है कि क्या आप का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, तो वे कहते है कि रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। इस लिए पढे-लिखे लोगों की यह सही पिक्चर नहीं है, यह तादाद कुछ नहीं तो 3 करोड़ 4 करोड़ के करीब होनी चाहिए। लेकिन उसके बावजूद भी आप फरमाते है कि हिन्दुस्तान तरक्की कर रहा है, आगे बढ़ रहा है— क्या खाक आगे बढ़ रहा है ?

एक और तमाशा देखिए—इस मुल्क के 1980 के खुतबे में सदर साहब के जरिये एक बड़ा जबरदस्त नारा दिया गया— हिन्दुस्तान में साम्प्रदायिकता बढ़ गई है, हिन्दुस्तान खतरे में है, मैं हिन्दुस्तान की माइनारिटीज की हिफाजत अपना फर्ज समझता हू। हिन्दुस्तान की माइनारिटीज ने 1977 में कांग्रेस को वोट नहीं दिया और इसलिए नहीं दिया था कि उन पर जुल्म और जबरदस्ती चल रही थी। हरिजनों ने 1977 में काग्रेस को वोट नहीं दिया इसलिए कि उन पर जुल्म और जबरदस्ती हो रही थी। 1980 के खुतबे में यह कहा गया कि हम हिन्दुस्तान की माइनारिटीज और वीकर सैक्शंज को प्रोटेक्शन देंगे, लेकिन वोट देने की सजा उन को क्या दी गई ? 1980

[श्री रशीद मसूद]

से पहले भी हिन्दु-मुस्लिम फिसाद होते थे, ऐसा हो सकता है, दो भाई लड सकते है—यह बात समझ मे आ सकती है। हिन्दु-हिन्दु से लड सकता है, मुसलमान-मुसलमान से लड सकता है, हरिजन-हरिजन से लड सकता है, इसी तरह हिन्दु मुसलमान से लड सकता है, मुसलमान हिंदु से लड सकता है ये सब बातें हो सकती है, क्योंकि हम हिंदुस्तान मे रहते है, हमारी अपनी कई लोकल प्राबलम्ज है या दूसरी प्राबलम्ज है, लेकिन इस वक्त का यह मतलब नही है कि हम एक-दूसरे से नफरत करते है। आप ने 1980 मे वायदा किया था कि आप प्रोटेक्शन देंगे और हम इस मे कोई शक नही कि आप ने उन को बनाया और इस के लिये हम आप का धन्यवाद करते है। आप ने हिंदु मुसलमान के जुल्म से, मुसलमान को हिंदु के जुल्म से, हरिजन को दूसरो के जुल्म से बचाया, लेकिन उस के बाद आप का अपना जुल्म शुरू हो गया। आप बतलाइये —13 अगस्त, 1980 को मुरादाबाद मे कौन सा हिंदु मुसलमानो को मारने के लिए गया था? बताइए, अगर आप के पास कोई जवाब है। एक आदमी भी हिन्दु नही था, जो मुसलमानो को मारने के लिए गया हो सन् 1980 मे ईदाह पर। मुसलमान अपने बच्चो को लेकर गये थे। मुसलमानो के 165 बच्चे, बूढे और जवान शहीद हो गये उस ईदगाह मे। किस के जरिए? क्या हिन्दुओं के जरिये। नही, वहा हिंदुओ ने नही मारा बल्कि आप की जो पुलिस है और पी० ए० सी० है, उस की गोलियो से वे मरे। उस की जिम्मेदारी भी क्या अपोजीशन पर होगी। जो गोलियां आप की पुलिस चलाएगी मुसलमानों को मारने के लिए, क्या उसकी जिम्मेवारी भी अपोजीशन वाले उठाएंगे? क्या जो गोली आप चलाएंगे, हमारे ऊपर उस की जिम्मेवारी हमारी होगी। नही होगी। आप की पुलिस और पी० ए० सी० ने ईदगाह मे मुसलमानो पर गोलिया चलाई और वहा हिन्दुओ ने गोली नही चलाई। यह आप ने वहा मुसलमानों को प्रोटेक्शन दिया? आप सजा देने लगे उन लोगों को, उन मुसलमानो को जिन्होने आपके खिलाफ वोट देने की जुर्रत की। वह कहने लगे कि तुमने हमारे खिलाफ वोट देने की जुर्रत कैसे की। जर-खरीद मुसलमान कांग्रेस को वोट देना था। इस के अन्दर जुर्रत कैसे हुई कि कांग्रेस के खिलाफ वोट दिया। इसलिए आप को यह बर्दाश्त नही हुआ। और आप ने उस को गोली का निशाना बना लिया। क्या आप ने एक आदमी का भी ट्रांसफर किया? क्या आप ने किसी अफसर को सजा दी? क्या आप ने एक आदमी का भी तबादला किया और क्या आप ने एक आदमी को बुला कर पूछा कि ऐसा क्यो हुआ? सवाल यही है। इस से भी बढकर मेरठ के अन्दर दोबारा वही सिलसिला शुरू हो गया। आज मै फिर कहता हू कि आप ने मेरठ के अन्दर एक साम्प्रदायिक फिजा पैदा की लेकिन अच्छी बात यह है कि एक मुकाम पर भी हिन्दु और मुसलमान मे आपस मे मुठभेड नही हुई। जहा भी मिलता है यही मिलता है हो सकता है कि कोई इक्का-दुक्का कोई केस हो गया हो लेकिन आप की पुलिस और पी० ए० सी० ने जा कर गोली चलाई और आप के जवाबात के जरिए से मैं आप को बता देना चाहता हूं कि आप के जमाने मे क्या हुआ। हिन्दुस्तान को सेकुलरइज्म की जरूरत है और आप कहते है कि हम हिंदुस्तान को आगे बढाना चाहते है और साम्प्रदायिकता के झगडो को खत्म करना चाहते

हैं। आप ने सन् 1980 में यह वायदा किया था कि दृढ़ता और शक्ति के साथ हम साम्प्रदायिकता को कुचल देना चाहते है लेकिन जरा आप अपनी तस्वीर देखिए। जो 15, 20 साल के आप के आंकड़े है आप के जवाबों के मुताबिक, वे मेरे पास है। सन् 1977 में हमारी सरकार आई और सन् 1979 के दिसम्बर तक रही। इन तीन सालों के अन्दर कुल फसादात हिन्दु-मुसलमानों के 722 हुए। इस को 36 से आप तकसीम कर दीजिए क्योंकि 3 साल में 36 महीने हुए। इन तीन साल का एवरेज आता है 19.8 आप इस को 20 ही मान लीजिए यानी एक महीने के अंदर 20 हिन्दु मुसलमानो के फसाद हुए उस सरकार के अन्दर जिस सरकार में आर० एस० एस० के लोग भी बैठे थे और वकील आप के, जिस सरकार अन्दर साम्प्रदायिक लोग बैठे थे। उस सर-सरकार के जमाने मे एक महीने के अन्दर 20 फसाद हुए यानी एक दिन के अन्दर एक फसाद से कम हुआ। उस के बाद जब आप की सरकार आ जाती है, साम्प्रदायिकता विरोधी सरकार, इस मुल्क से साम्प्रदायिकता खत्त कर देने वाली सरकार आ जाती है तो उस की स्थिति क्या है। मेरे पास 15 जून 1983 तक के आंकड़े है। आप के जवाब के मुताबिक कुल फसादात की तादाद 1448 है। इस को आप 42 मे तकसीम कर दीजिए क्योंकि 42 महीने साढ़े तीन साल में होते है। 42 से तकसीम करने पर एवरेज आता है 34 47 एक महीने का और एक दिन का एवरेज एक से ज्यादा हुआ। इस तरह से आप की सरकार ने एवरेज को 20 से बढ़ा कर 34 कर दिया और अगर आज की तारीख का एवरेज लगाया जाए और पंजाब के झगड़ों को उस में जोड़ा जाए, मैं तो सिर्फ उन झगड़ों के बारे में बता रहा हूं, जिन में आप के जुल्म शामिल हैं, तो ऐवरेज 75 से ऊपर जा कर बैठेगा। इस तरह से आपने इस मुल्क को तबाह कर दिया और साम्प्रदायिकता को खत्म करने की बजाय उस को बढ़ा दिया। आप ने मुल्क को तोड़ने की साजिश की है और मैं नही समझता कि आप ने सोच क्या रखा है। शायद आप ने भी वही सोच रखा है जो कि अंग्रेजों की सरकार ने सोचा था कि लड़ाओ और राज्य करो और मैं तो समझता हूं कि आप उस से भी आगे बढ़ गये।

आप अपने पिछले रिकार्ड को भी सुन लें क्योंकि अपने जवाब मे शायद आप यह कहे कि हमारा पिछला रिकाड बहुत अच्छा था। मुझे आप का सन् 1969 से लेकर 1976 तक का रिकार्ड मिला है और आप के जो जवाबात है, उन का पहले का रिकार्ड भी मेरे पास है लेकिन वह अनआफिशियल रिकार्ड है, जिसके मुताबिक दो फसाद पर मन्थ बैठना है लिहाजा मैं अनआफिशियल रिकार्ड वाली बात नही कहता। आप का जो आफिशियल रिकार्ड है, उस के मुताबिक पिछले 7 सालो मे 2465 फसाद हुए है सन् 1969 से ले कर सन् 1976 तक। इस तरह से इन सात सालो मे जो 2465 फसादात हुए, उन का एवरेज निकाले तो 25.61 पर मन्थ जाता है यानी करीब-करीब एक फसाद हर रोज हुआ। यह आप का रिकाड है। अब आप बताइए कि वह सरकार बेहतर थी या यह सरकार। कम्यूनल और साम्प्रदायिक दृष्टि से आप की सरकार 25.61 एवरेज पर थी और इस एवरेज को हमारी सरकार ने घटा कर 19.8 कर दिया था। यह आपकी सरकार थी कि जितने 20 फीसदी महीने में होते थे, उनको बढ़ा कर 34.47 पर मथ कर दिया। अब

[श्री रशीद मसूद]

आप ही बताएं दोनों सरकारों में कौन-सी अच्छी सरकार है।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं आपकी इजाजत से दो तीन पैराग्राफ पढ कर सुनाना चाहता हूं 1981 से लेकर 1984 तक जो प्रेजीडेंट के एड्रेस हुए है उनमें कोट करना चाहता हू। ये खेती की पैदावार के मुतल्लिक है। सन् 1981 में आप फरमाते है –

"The production of nearly 79.5 million tonnes of foodgrains during kharif was an alltime record. Prospects of the current wheat crops are promising."

लेकिन साल 1982 के बारे में आप फरमाते है कि चार फीसदी प्राडक्शन कम हुआ। इसके लिए आप फरमाते है कि प्राडक्शन को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। ये सब इस ढग से कहा है ताकि हिन्दुस्तान का कम पढ़ा-लिखा इन्सान इन चीजों का समझ न सके। आप फरमाते है –

"The outlook for the agricultural production in 1981-82 is encouraging. Preliminary assessment indicates that the kharif foodgrains production might reach an all-time level of 79 95 million tonnes for the year as a whole."

फिर आप प्रोडक्शन की बात नही करते, आप फरमाते है कि प्रोक्योरमेंट सब से ज्यादा हुआ। आप लोगों को यह बताना चाहते है कि यह सब रिकार्ड टाइम में सब कुछ रिकार्ड हुआ है। आपको रिकार्ड में ज्यादा दिलचस्पी है, आपको इसमें इंट्रेस्ट नहीं है कि मुल्क से गुरबत दूर हो, लोगों को रोजगार मिले, मुल्क से साम्प्रदायिकता गायब हो रिकार्ड का लफ्ज चारों प्रेजीडेंशल एड्रेसिज मे है। 1983 मे देखिए—

"Despite the problems faced by kharif and rabi, the procurement of rice and wheat was higher than in any previous year."

अगर प्रोडक्शन रिकार्ड नही हुआ तो प्रोक्योरमेंट रिकार्ड हुआ। डिप्टी स्पीकर साहब, एक बात बड़े ताज्जुब की है जो कि दुनिया की पार्लियामेंट मे नही हो सकती। यह मेरे पास किताब है, मै उससे आपको पढ़ कर सुना सकता हूं दुनिया की पार्लियामेंट में और यहा किस तरह से जवाब दिये जाते है। एक ही सवाल के जवाब मे सरकार फरमाती है कि फूडग्रेस का रिकार्ड प्रोडक्शन हुआ और फूडग्रेंस का इम्पोर्ट रिकार्ड हुआ। जिस साल में फूडग्रेंस का रिकार्ड प्रोडक्शन हो रहा है, उसी साल में रिकार्ड इम्पोर्ट भी हो रहा है। (**व्यवधान**) हां रिकार्ड प्राईस इंक्रीज भी हो रहा है। किस तरह से लोगों को बेवकूफ बनाया जाता है।

प्रो० मधु दंडवते (राजापुर) : बेवकूफ बनाने में भी रिकार्ड।

श्री रशीद मसूद : हां, बेवकूफ बनाने में भी रिकार्ड है। अब जरा 1984 के एड्रेस से सुनिये—

"Agricultural Production is expected to grow by 9 per cent as against a decline of 4 per cent in the previous year. The production of foodgrains is likely to exceed the target of 142 million tonnes, compared to the actual production of 128.4 million tonnes in 1982-83 and the previous best record of 133.3 million tonnes."

डिप्टी स्पीकर साहब, आपको यह सुन कर ताज्जुब होगा कि जब से हम आजाद हुए है तब से मुल्क में तीन साल ऐसे रहे है जिनमे कि हमन भीख पर जिदगी नही गुजारी है। नही तो हर साल हम बाहर से अनाज मगाते रहे है, कभी गेहूं, कभी चावल। आप बता दीजिए कि इन तीन सालों के अलावा कब आपने बाहर से अनाज नही मंगाया। ये तीन साल थे 1977, 1978 और 1979 के जिन सालों मे हमने बाहर से अनाज नहीं मंगाया, बल्कि बाहर के मुल्को को अनाज भेजा। जब से आपकी सरकार आई तब से क्या आपने गेहूं नही मंगाया ? उसके बाद जो सरकार आई उसने रिकार्ड प्रोडक्शन किया और रिकार्ड इंपोर्ट किया। पर कैपिटा अवेलबिलिटी डाउन जा रही है, अफसोस की बात यह है। समझ में नहीं आता कि कैसे शुरू करूं और कैसे खत्म करूं। दो तीन बातें जरूर कहना चाहता हूं। आज आप किसान को जाकर देखें तो आपको उसकी मुश्किलों का अहसास होगा। किसान को परेशानी होगी तो मजदूर को परेशानी होगी। मजदूर परेशान होगा तो देहात में रहने वाला छोटा दस्तकार परेशान होगा। लेकिन आज किसान की प्राब्लम को कोई देखना नहीं चाहता। हम एग्रीकल्चर प्राइसेस कमीशन के कंपोजीशन के खिलाफ है। उसमे मजदूरो का नुमाइंदा होना चाहिए, किसानो का नुमाइदा होना चाहिए। उन लोगों का नुमाइंदा होना चाहिए जो देश के लिए खाने पहनने की चीजें पैदा करते हैं। लेकिन यह कुछ नहीं होता। चलिए यह भी छोड़िए ताज्जुब की बात तो यह है कि वह भी जो रिकमण्ड करता है उससे घटाकर मंजूर किया जाता है। कभी एक-आध रुपया बढ़ा दिया जब इलेक्शन करीब हो। मैं पूछना चाहता हूं कि यह आप कौन सा इकानामिक्स इन्वाल्व कर रहे है। किस तरफ आप हिन्दुस्तान को ले जा रहे है। जब डेढ़ रुपया किलो प्याज बिक रहा था उस वक्त शर्मा जी ने खुश होकर कहा था कि डेढ रुपए किलो प्याज पर हकूमत बदलेंगे। आज ढाई रु० किलो प्याज बिक रहा है। लेकिन आज कोई आगे नही आ रहा प्याज पर हकूमत बदलने। जबकि प्याज अर्सेशियल नही है, आज तो गेहूं नही मिल रहा है, अनाज नही मिल रहा है।

आपने बडे जोर-शोर से कहा है कि हम देहात में हैल्थ के लिए प्रोग्राम शुरू करेंगे। आज कौन देहात के लोगों को देखने के लिए तैयार है। कौन देहात के लोगो की

फिक्र कर रहा है। जब हमारी सरकार थी, जनता और लोकदल दोनो की सरकार की बात कर रहा हूं, उस वक्त देहात के अदर हास्पीटल खुले, डाक्टरो को जबरदस्ती भेजा गया था। उस वक्त देहात मे नर्सेंग को रखा गया था ताकि देहात के अदर जच्चा-खाना खुल जाए। आज देहात की बात तो छोड दीजिए वहा तो डाक्टर नही मिलेगा, नर्सेंस नही मिलेंगी, देहात मे तो कोई जाने के लिए तैयार नही है, मेरे अपने क्षेत्र के अदर जितने भी देहात के हास्पीटल है उनके अदर डाक्टर नही है। अपाएटमेट किया है लेकिन जाते नही है। हम लिख लिख परेशान हो गए है चीफ मिनिस्टर जवाब तक नही देता है। आज मै यहा बैठे बैठे आपके ऊपर 307 का मुकदमा दायर करा सकता हू, 200 रुपया खर्च होगा। इनके डाक्टर आज यह काम कर रहे है। देहातो की बात छोड दीजिए, शहरो के अदर दवाइया नही है। हास्पीटल की दवाइया वहा के कैमिस्ट के यहा बिक रही है, खुलेआम बिक रही है। आप देहात मे हैल्थ का ख्याल रखने का दावा करते है लेकिन शहर के लोगो का ही नही कर पा रहे है। यहा डाक्टर है, अस्पताल है, सारी सहूलियते है। ये सरकार देहात के लोगो का क्या ख्याल रखेगी जहा न अस्पताल है, न डाक्टर है, न नर्सेस है, न सहूलियते है। मैं नही समझता कि सरकार का कुछ करने का इरादा है।

जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, हमारे मगल राम प्रेमी जी बैठे है ये बेचारे एक ऐसी जाति मे ताल्लुक रखते है जिसको बद-किस्मती से इज्जत की निगाह से नही देखा जाता, न देखा जा रहा है। और इस सर-के चलते न देखा जाएगा। इस सरकार के यहा तो बाइज्जत लोगो की जरूरत नही है। यहा तो ऐसे लोगो की जरूरत है जो जाहिल हो, जो गरीबी की रेखा से नीचे हो, जो ये न समझ सकते हो कि इनका प्रपोगडा क्या है और जो बिना सोचे समझे इनके निशान पर मोहर लगा दे। ऐसे लोगो की इनको जरूरत है। हमारे प्रेमी जी मुस्तकिल इस बात की कोशिश कर रहे है कि सफाई कर्मचारियो को कुछ बेसिक सहू-लियते दी जाए। उनकी दवा बगैरह का ख्याल किया जाए और उनकी फैमिलीज के लिए मकान वगैरह अलाट किए जाएं या कुछ ऐसे तरीके अख्तियारात किए जाए जिससे वे बाइज्जत जिन्दगी गुजार सके। आपका बच्चा तो फौरन ही डी० पी० एम० मे दाखिल हो जाएगा लेकिन उनके बच्चो को म्युनिसिपेलीटी भी लेने के लिए तैयार नही होती है। उन लोगो के लिए आप क्या कर रहे है? आप उनको जाहिल और गुरबत की रेखा से नीचे रखना चाहते है। मैं इन अल्फाज के साथ इस शुक्रिया प्रस्ताव का मुखालफत करता हू जो हमारे एवान के सामने है।

شری رشید مسعود (سہارنپور)

محترم ڈپٹی اسپیکر صاحب۔ میں آج نہ صرف شکریہ کے پرستاؤ کی مخالفت میں کھڑا ہوا ہوں بلکہ میں سمجھتا ہوں کہ آج جو ملک کی حالت ہے۔ اس حالت میں صدر صاحب سے میری یہ درخواست ہونی چاہئے کہ وہ اس سرکار کو فوراً برخواست کردیں۔ کانگریس کے ۱۹۸۰ء کے الیکشن مینفسٹو کو دیکھئے۔ پھر ۱۹۸۰ء کے خطبہ صدارت کو دیکھئے۔ ۱۹۸۱ء کے صدارت کے خطبہ کو دیکھئے۔ ۱۹۸۲ء اور ۱۹۸۳ء کو دیکھئے اور پھر ۱۹۸۴ء کے صدر صاحب کے خطبے کو دیکھئے۔ اس میں بہت زیادہ فرق محسوس نہیں ہوتا۔ ۱۹۸۰ء کے صدر صاحب کے خطبہ میں اس سرکار نے وعدہ کیا تھا کہ وہ اس ملک سے بے روزگاری کو دور کردیگی۔ اس ملک سے غربت کو دور کردیگی ریجنل امبیلنس کو دور کردے گی۔ پسماندہ ہوئی قوموں کو نہ صرف آگے بڑھنے نہیں دے گی بلکہ اس لیول پر لائے گی جو ۱۹۷۱-۷۲ء میں تھی۔

اس نے وعدہ کیا تھا کہ قانون کی حالت اور قانون کی ویوستھا کو اس ملک میں درست کردے گی۔ لیکن میں سمجھتا ہوں کہ ان میں کوئی بھی بات پوری نہیں ہوئی اور آج جب ۱۹۸۴ء کا خطبہ صدارت پڑھا جاتا ہے تو یہ محسوس ہوتا ہے کہ ان ساری چیزوں پر سے جن پر زور دیا گیا تھا وہ زور ہٹا کرکے میں نہیں جانتا کیوں اور کس وجہ سے اندرونی بیرونی خطرات کی طرف پوری شدت کے ساتھ زور لگایا جا رہا ہے۔

لوگوں کو یہ بتانے کی کوشش کی جارہی ہے کہ ملک اندرونی اور بیرونی خطرات سے گھرا ہوا ہے ملک ٹوٹ رہا ہے ملک برباد ہو رہا ہے ملک ختم ہو رہا ہے۔ لہٰذا اس ملک کو بچا سکتی ہے تو صرف کانگریس سرکار اور ہماری پرائم منسٹر صاحبہ۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ ان تمام خطرات کیلئے ذمہ دار کون ہے۔

شعر یاد آتا ہے

" محسوس ہوتا ہے یہ دور تباہی ہے
شیشے کی عدالت میں پتھر کی گواہی ہے
دنیا میں کہیں اس کی تمثیل نہیں ملتی
قاتل ہی محافظ ہے قاتل ہی سپاہی ہے "

میں پوچھنا چاہتا ہوں آپ کے ذریعہ کہ آج جو پنجاب میں ہو رہا ہے اس کی ذمہ داری کس پر ہے۔ پنجاب پر زیادہ نہیں بولونگا کیونکہ اس پر آج ڈسکشن ہونے والا ہے۔ آج کشمیر کے اندر آپ نے جو سچویشن پیدا کردی ہے۔ اس کی ذمہ داری کون ہے۔ کون نہیں جانتا کہ بھنڈرانوالا کا تعلق کس سے رہا ہے۔

۱۹۸۰ء کے الیکشن میں یہ کس کے ایجنٹ تھے۔ کون نہیں جانتا کہ پروفیسر شیر سنگھ جو ہندو سمتی کے ادھیکش ہیں۔ ہریانہ میں وہ کس پارٹی سے تعلق رکھتے ہیں۔ اگر بھنڈاں والے نے ۱۹۸۰ء میں ہم لوگوں کی مدد کی ہوتی اور وہ اس توڑ پھوڑ کے ذمہ دار ہوتے تو ہم اپنی ذمہ داری مان لیتے۔ اگر پروفیسر شیر سنگھ ہماری پارٹی کے ممبر ہوتے اور وہ توڑ پھوڑ کے ذمہ دار ہوتے تو ہم اپنی ذمہ داری مان لیتے لیکن بدقسمتی سے یا خوش قسمتی سے۔ ملک کی بدقسمتی سے اور ہماری خوش قسمتی سے نہ بھنڈراں والے کا ہماری جماعت سے کوئی تعلق رہا ہے نہ وہ ہمارے کسی الیکشن کے کنڈیڈیٹ کے ایجنٹ رہے ہیں اور نہ پروفیسر شیر سنگھ ہماری پارٹی سے کوئی تعلق رکھتے ہیں۔ پھر یہ کس کی ذمہ داری ہے۔ (انٹرپشن)

ہمارے ساتھ کبھی نہیں تھے آپ کے ساتھ تھے۔

آج کشمیر میں کیا ہو رہا ہے کشمیر کے اندر کون گڑبڑ کرنا چاہتا ہے ایک طرف فاروق عبداللہ ہیں جس ایک تاریخ ہے جس کے باپ کی ایک تاریخ ہے کہ جس نے ہندوستان کے ساتھ الحاق کے لئے مسلسل قربانیاں دی ہیں۔ جس نے ہندوستان کے ساتھ الحاق کیلئے مستقل جیلیں کاٹی ہیں ایک طرف فاروق عبداللہ ہے جو دن میں اور رات میں اور اجالے میں سائے اور پوشیدہ طور پر یہ کہتا ہے کہ ہندوستان کے ساتھ کشمیر کا الحاق فائنل ہے اس کے اوپر کوئی بات نہیں ہو سکتی۔ ہندوستان کا اٹوٹ حصہ ہے کشمیر۔ اور دوسری طرف مولوی افتخار الدین صاحب ہیں جو اتفاق سے اسمبلی میں آپ کے صدر ہیں۔

کیا آپ کو یاد نہیں ہے سنہ ۱۹۶۸ء میں لال چوک پر تقریر کرتے ہوئے افتخار الدین صاحب نے یہ بات کہی تھی۔

کہ پنڈت جواہر لال نہرو کے وعدے کے مطابق ہندوستان کے ساتھ کشمیر کا الحاق فائنل نہیں ہے۔ میں نہیں سمجھتا کہ وہ آدمی جو دن رات یہ بات کہہ رہا ہو کہ کشمیر ہندوستان کا ایک اٹوٹ حصہ ہے وہ غدار ہے۔ وہ باغی ہے۔ وہ سیشنسٹ ہے اور وہ آدمی جو وہ ہندوستان کے ساتھ کشمیر کا الحاق مانتا نہ ہو وہ آدمی جو ملک کے پہلے وزیراعظم کے وعدوں کی یاد دلا کر یہ دکھانے کی کوشش کرتا ہو کہ ہندوستان کے ساتھ کشمیر کا الحاق فائنل نہیں ہے کشمیر ہندوستان کا حصہ نہیں ہے وہ آج

دیش بھگت ہے۔ کیا آپ کے یہاں دیش بھگت کا پیمانہ یہ ہے کہ جو کانگریس پارٹی میں رہ کر اس ملک کے ٹکڑے ٹکڑے کرنے کی کوشش کرے گا وہ دیش بھگت ہوگا۔ اور جو کانگریس پارٹی کے خلاف رہ کر اس ملک کو جوڑنے کی بات کرے گا جو کانگریس پارٹی کے خلاف رہ کر اس ملک کے اتحاد کی بات کرے گا وہ غدار ہوگا۔

آپ کی یہی وہ پالیسی ہے جس نے آج تک ہندوستان میں ہندوستانی کو پیدا نہیں ہونے دیا۔ آج آپ کو اس دیش میں ہندو مل جائے گا مسلمان مل جائے گا سکھ مل جائے گا عیسائی مل جائے گا، بودھ مل جائے گا۔ دوسرے لوگ مل جائیں گے لیکن کیا کہیں پر ہندوستانی بھی ملتا ہے۔ نہیں ملتا ہے۔

اس کے لئے کون ذمہ دار ہے۔ اس کے ذمہ دار آپ ہیں۔ آپ نے یہ کوشش کی ہوتی کہ ہمیں ہندوستان میں ایک نیشن بنانی ہے، اس ملک میں ہندوستانیوں کو پیدا کرنا ہے اور اگر یہاں پر اگر درد شمال میں ہوتا ہو تو وہ جنوب میں محسوس کیا جائے اگر ہندو کے درد ہوتا ہو تو مسلمان کو محسوس ہو، ایک ہریجن کا درد برہمن کو محسوس ہو اور [illegible] جیت کا درد، جاٹ کو محسوس ہو، کسانوں کا درد ایڈمنسٹریٹ کو محسوس ہو۔ اگر اس بات کی کوشش آپ نے کی ہوتی تو آج ہندوستان کا نقشہ ہی مختلف ہوتا۔ لیکن آپ نے ایسا نہیں کیا۔ ۱۹۵۲ء میں جب اس پارلیمنٹ کا پہلا الیکشن ہوا اس وقت ایک سنہری موقع تھا ہندوستان کی آزادی نئی تھی، اس وقت ہر ہندوستانی کے دل میں ہندوستان کے لئے محبت تھی، اس وقت ہر دیش واسی اپنے کو ہندوستانی سمجھتا تھا اور اس وقت ہر ہندوستانی اس بات کی کوشش کرتا تاکہ وہ قربانی دے کرکے اس ملک کی تعمیر کرے، اس ملک کو ایک بنائے اور اس ملک سے محبت کرے۔ کاس اس وقت آپ نے عقل سے کام لیا ہوتا۔ کاش، اس وقت آپ نے اس وقت ایک مسلمان کو ایک ایسی جگہ سے کھڑا کیا ہوتا جہاں کوئی مسلمان نہیں ہوتا۔ وہ مسلمان مکمل طور پر ہندوؤں کے ووٹوں پر جیت کر یہاں آتا اور ہندوؤں کے دکھ درد کی بات اس پارلیمنٹ میں رکھتا۔

ایک ہندو کو آپ اس جگہ سے کھڑا کرتے جہاں مسلمانوں کی تعداد زیادہ ہوتی تو وہ ہندو اس پارلیمنٹ میں آ کر مسلمانوں کے دکھ درد کی بات کہتا اور بتاتا کہ مسلمانوں کو کیا کیا تکلیفیں ہیں اس طرح سے جہاں پر ہریجنوں کی تعداد

سب سے کم ہوتی وہاں سے آپ ہریجن کو کھڑا کرتے اور وہ ہریجن یہاں پر برہمنوں کو ریپریزینٹ کرتا اور جہاں پر ہریجنوں کی تعداد زیادہ تھی وہاں وہاں سے آپ برہمن کو کھڑا کرتے یا راجپوت کو کھڑا کرتے۔ تب اس دیش کے ہریجن راجپوت برہمن اور مسلمان جانتے یہ ہندوستان کیا ہے۔ جو برہمن ہریجنوں کے ووٹوں پر جیت کر اس پارلیمنٹ میں آتا وہ اگر بتاتا کہ ہریجنوں کو کیا تکلیفیں ہیں۔ لیکن آپکو تو اپنی کرسی چاہئے تھی۔ آپکو ممبر نہیں چاہئے تھے۔ آپکو تو ایسے لوگ چاہئیں تھے جو آپ کے کہنے پر ہاتھ اٹھائے۔ آپ کو ایسے لوگ چاہئیں تھے جو آپ کے نام پر زندہ رہتے۔ ان کو اس بات کا احساس رہتا کہ وہ آپ کے نام پر جیت کر آرہے ہیں۔ وہ کوئی پاپولر کام کر کے اچھا کام کر کے ملک میں اتحاد قائم کرنے کے لئے کام کر کے آتے اور ہندوستان میں ایک قوم پیدا کرنے کا کام کر کے اس ایوان میں نہیں آرہے ہیں بلکہ آپ کے نام پر ہی جیت کر آرہے ہیں۔ اس لئے آپکو ضرورت اس بات کی ہی تھی کہ ایسے لوگ آئیں جو کہ آپ کے نام پر ہاتھ اٹھائیں۔ آپ کے کہنے پر ووٹ دیں۔ آپ کہنے پر چلیں اور آپ انکو بھیڑ بکریوں کی طرح سے جیسے بھی چاہیں ہانک دیں۔ آپ نے اس ملک کے ہندوستانی کو ہندوستانی بننے ہی نہیں دیا۔ اور آج آپ اپوزیشن پر الزام لگا کر بیٹھ جائیں گے۔ یہ حق دینا بڑا آسان ہے کہ آج کشمیر میں کیا ہو رہا ہے۔ وہاں پر ایک الیکٹڈ گورنمنٹ آئی ہے لیکن آپ وہاں پر ہنگامہ کرا رہے ہیں تاکہ اس سرکار کو ڈسمس کر دیا جائے کیونکہ اتفاق سے ڈاکٹر فاروق عبداللہ صاحب کانگریس (آئی) سے نہیں ہیں اور کانگریس (آئی) کی بات سننے کو وہ تیار نہیں ہیں۔ آپ نہیں چاہتے ہیں مولانا ابوالکلام آزاد جیسا کوئی نیتا مسلمانوں کو ریپریزینٹ کرنے والا پیدا ہو۔ کیا اسکی بھی ذمہ داری اپوزیشن پر ہے۔

دوستوں میں آپ کے ذریعہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ ابھی بھی وقت ہے دیر آئے درست آئے۔

آپ ہندوستان کے تعمیر کی بات کرو۔ لیکن افسوس ہوتا ہے جب ہریجن یہاں سے پٹتا ہے۔ آپ کی پولیس کے ذریعہ آفیسرس کے ذریعہ پٹتا ہے تو اوپر کے لوگ ان آفیسرس کو سپورٹ کرتے ہیں۔ کانگریس کا ہریجن یدی

پتا ہے تو اور ہم لوگ یہاں سے آواز اٹھاتے ہیں کہ وہ کیوں پٹ رہے ہیں تو کوئی اثر نہیں ہوتا ہے - آپ کو اپنی کرسی پیاری ہے - آپ سمجھتے ہیں کہ اگر کہیں ہم نے آفیسرس کو سزا دیدی تو وہ آفیسر ہم سے کہیں ناراض نہ ہو جائے اور وجہ یہ کہ آپ کو ناجائز فائدے اٹھانے ہیں اس آفیسر سے - آپ کو درد کیوں نہیں ہوتا ہے - جو ہندوستان کی عوام کا ممبر ہے جو پارلیمنٹ کا ممبر ہے - کیا وہ سب ایک نہیں ہیں - پارلیمنٹ کے ممبر کے دکھ درد کو آپ کیوں نہیں سمجھتے ہیں - اس پارلیمنٹ کے اندر ۵۴۲ کے قریب سدسے ہیں اور جب ہندوستان کی اس پارلیمنٹ کے اندر اس طرف بیٹھے ہوئے لوگ یا اس طرف بیٹھے لوگ نہیں سمجھ سکتے ہیں تو میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ وہ ہندوستان کہاں ہے جس کا خواب مہاتما گاندھی نے دیکھا تھا - ہندوستان کو بننے نہیں دیا - یہ آسانی سے کہہ دیا جاتا ہے کہ اپوزیشن والے لوگ اس کو ٹکڑوں میں بدل رہے ہیں - میں نے یہ بات پہلے بھی کہی تھی اور آج بھی کہہ رہا ہوں آپ بتائیے ایسا کون سا موقع آیا ہے جہاں اپوزیشن والوں نے ایک ہو کر سوسیو شن تیار کرنے کی کوشش نہیں کی ہے - لیکن ہر مٹنگ کے بعد کہہ دیا جاتا ہے کہ اپوزیشن والے اس کام کو نہیں کرنے دینا چاہتے ہیں -

محترم ڈپٹی اسپیکر صاحب - غریبی کو ہٹانے کا نعرہ سنہ ۱۹۸۰ء میں اس سرکار کو دوارا دیا گیا تھا - اس سرکار کے ۱۹۸۰ء جولائی کے پرشن کے جواب کے مطابق سنہ ۱۹۸۰ء میں جب یہ سرکار آپ کو دی تھی - اس وقت ملک کے اندر غریبی کی ریکھا سے نیچے رہنے والے لوگوں کی سنکھیا ۴۸،۱۳ پرسینٹ تھی - اب ۲۸ر جولائی ۱۹۸۲ء پوچھے گئے ایک پرشن کے جواب میں ان کے انوسار بلو پاورٹی لائین لوگوں کی سنکھیا بڑھ کر ۵۶،۵۶ پرسینٹ ہو گئی ہے - اس پرکار دو سال کے اندر دس پرتی شت لوگوں کو غریبی کی ریکھا سے نیچے ڈھکیل دیا ہے - یہ آپ کی کون سی اکانومی ہے - کون سا طریقہ ہے ملک کی بے روزگاری کو دور کرنے کا - اب یہ سنکھیا بڑھ کر ۶۷-۶۶ پرسینٹ ہو گئی ہے - یہ افسوس کا مقام ہے اس ملک کو سنہ ۱۹۸۰ء میں یہ کہہ کر کہ لا اینڈ آرڈر کی پرابلم کو دور کریں گے - مہنگائی کو دور کریں گے - بھوکے ننگے لوگوں

کو ردی کپڑا اور مکان دیں گے - بلو بادرلی لائن سے لوگوں کو اوپر اٹھائیں گے - اس ملک کو اپنے ہاتھ میں لیا ہے - اس وقت بھی ملک کی دو تہائی آبادی غریبی کی ریکھا سے نیچے اپنا جیون ویتیت کر رہی ہے - آپ کے جھم جھماتے بڑے بڑے شہر دلی کلکتہ مدراس اور بمبئی جہاں کی روشنیوں سے آدمیوں کی آنکھیں چندھیا جاتی ہیں ان شہروں کے اندر بھی ۳۲ پرتی شت ۴۸ پرتی شت اور ۲۸ پرتی شت لوگ سلموں مین رہ رہے ہیں - جہاں پینے کو پانی نہیں ہے - جہاں رہنے کے لئے مکان نہیں ہے - میں آپ سے پوچھنا چاہتا ہوں کہ کیا آپ کو اس کا علم نہیں ہے - میں آپ سے پوچھنا چاہتا ہوں آپ نے کتنی جھونپڑیوں کو اب تک ہٹایا ہے - آپ کے زمانہ میں ہر شہر میں سلمس بڑھ رہے ہیں - آپ کے زمانے میں جھگی جھونپڑی میں رہنے والے کی سنکھیا بڑھ رہی ہے - چار سال پہلے جن کو کھانے کو بھرپیٹ مل رہا تھا آپ کے زمانے میں شاید دو تہائی آدمیوں کو بھی بھرپیٹ کھانے کو نہیں مل رہا ہے - پھر بھی ان سب کے لئے ذمہ دار اپوزیشن ہے - اپوزیشن بجٹ بناتی ہے - اپوزیشن اس کو امپلی منٹ کرتی ہے - لا اینڈ آرڈر کی ذمہ داری اپوزیشن کی ہے - یہ سارا کام آپ کا ہے - اگر آپ یہ سمجھتے ہیں کہ ان سب کے لئے ذمہ داری اپوزیشن ہے تو یہ سرکار کس لئے ہے - یہ بات میری سمجھ میں نہیں آتی ہے - لیکن ایک رسم چل رہی ہے - آپ کوئی نہ کوئی بات کئی مرتبہ کہتی ہے جس سے وہ سچ محسوس ہونے لگے آپ سنہ ۱۹۸۰ء سے لیکر ۱۹۸۴ء تک کانفرنس کر رہے ہیں - باہر کے لوگوں کو بلا رہے ہیں - باہر کے لوگوں کو بلا بلا کر دعوتیں دے رہے ہیں - دنیا کا لیڈر بننے کا خواب دیکھ رہے ہیں - دنیا کو لیڈر شپ پرووائڈ کرنے کے بعد بات کر رہے ہیں چاہے اپنے یہاں لوگ مر رہے ہے - ان نوٹنکیوں سے اوپر ۴۰۰ کروڑ روپیہ خرچ کیا جا رہا ہے -

ایسے ملک کے اندر جہاں ایک لاکھ تیس ہزار سات ہزار اکسٹھ گاؤں ایسے ہیں جہاں آج تک پینے کا پانی میسر نہیں ہے اس ملک میں ۴۰۰ سو کروڑ روپئے نوٹنکی پر خرچ کئے جا رہے ہیں - اور بڑے خوش ہو رہے ہیں - کہ ہم دنیا کے لیڈر بن گئے ہیں دنیا کو دکھلا دیا ہے کہ ہم ایک ترقی یافتہ ملک ہیں - یہ کون سی ترقی ہے -

ڈپٹی اسپیکر صاحب - جہاں ہماری بہنیں

